पार्क रोड स्टेशन के प्लेटफॉर्म की क्षमता 24 से 26 कोच करने की प्रक्रिया तेज होगी

प्लेटफॉर्म एक के लिए भी रास्ता खोजेगा रेलवे

भास्कर संवाददाता | इंदौर

पार्क रोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर कोच की क्षमता अब 24 से 26 कोच की होगी। इस मामले में अभी तक उदासीनता दिखा रहे रेलवे प्रबंधन ने प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली है। जल्द ही आईडीए (इंदौर विकास प्राधिकरण) के साथ रेलवे अधिकारियों की बैठक होगी। रेलवे प्रबंधन की लेटलतीफी के कारण यह मामला लगातार उलझता जा रहा था।

दरअसल, रेलवे स्टेशन पर किनारे पर बने एक धर्मस्थल

पूरी क्षमता वाली ट्रेनें चल सकेंगी

खास बात यह है कि प्लेटफॉर्म का विस्तार होने के बाद यहां से पूरी क्षमता से ट्रेनें चलाई जा सकेंगी। अभी जो ट्रेनें चल रही हैं, वह 22 से 24 कोच की हैं।

के बाधक बनने के कारण। यह प्रक्रिया रुक रही थी। रेलवे सलाहकार समिति सदस्यों ने धर्म स्थल हटाने को लेकर संबंधित लोगों से चर्चा कर ली थी। लेकिन रेलवे प्रबंधन इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा था। अब रेलवे के जिम्मेदारों की आईडीए के साथ बैठक होगी। उसमें आगे की प्रक्रिया तय होगी। बताया गया है कि दिवाली बाद रेलवे सलाहकार समिति सदस्यों के सहयोग से धार्मिक स्थल हटाने की भी प्रक्रिया शुरू होगी। रेलवे इससे पहले जिला प्रशासन से भी अंतिम दौर की चर्चा करेगा।

पूरी क्षमता वाली ट्रेन सिर्फ प्लेटफॉर्म चार और पांच से ही चल पाती हैं। निरीक्षण के दौरान रेलवे डीआरएम मनोज शर्मा ने भी कहा था कि इसी साल इस पर काम शुरू कर देंगे।

प्लेटफॉर्म नंबर एक : शास्त्री ब्रिज के कारण अटका मामला

उधर, मामला शास्त्री ब्रिज के अटका हुआ है। जब तक शास्त्री ब्रिज रिडिजाइन नहीं होता तब तक प्लेटफॉर्म नंबर एक का विस्तार 24 या 26 कोच की क्षमता तक नहीं किया जा सकता। हालांकि रेलवे ने अब दूसरे विकल्प पर विचार शुरू कर दिया है। जल्द ही विशेषज्ञों की भी सलाह ली जाएगी।